an>

Title : Issue regarding law and order situation in Chhattisgarh.

श्री संतोष पाण्डेय (राजनंदगाँव): अध्यक्ष महोदय, मैं आपका आभारी हूं कि आपने मुझे बोलने के लिए अवसर दिया । छत्तीसगढ़ में कानून व्यवस्था के ऊपर प्रदेश की जनता अब चिंता करने लगी है । प्रदेश के मेरे संसदीय क्षेत्र राजनंदगाँव में गैंगरेप हुआ और कल ही वहां किडनैप हुआ था । वह आदमी पकड़ा गया है । इसके साथ-साथ केवल राजनंदगाँव ही नहीं, बल्कि भिलाई, बिलासपुर और जसपुर में युवती के साथ गैंगरेप किया गया है । आज मैं सदन के माध्यम से आपसे निवेदन करना चाहता हूं कि प्रदेश की जो स्थिति है, उसके ऊपर चिंता की जाए । आज प्रदेश में हत्या, लूट तथा बलात्कार की घटना बढ़ रही है, उनकी रोकथाम की जाए ।